भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1509**

दिनांक 03.05.2016/13 वैशाख, 1938 (शक) को उत्तर के लिए

**'वतन को जानों' पहल**

**†1509. श्री बी॰ विनोद कुमार :**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने उन बच्चों जो उग्रवाद से पीड़ित हैं और जम्मू-कश्मीर के कमजोर तबकों से हैं, के लिए 'वतन को जानों' अभियान शुरु किया है; और
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा ऐसे बच्चों की संख्या कितनी है जिन्होंने इस कार्यक्रम में भाग लिया है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री हरिभाई परथीभाई चौधरी)**

**(क) और (ख) : सरकार ने जम्मू एवं कश्मीर में अनाथों, उग्रवाद प्रभावित परिवारों और समाज के कमजोर वर्गों के, बच्चों के लिए "वतन को जानों' पहल शुरू की है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 15-24 वर्ष की आयु वर्ग के शिक्षित युवाओं के समूह देश के विभिन्न भागों की यात्रा करते हैं और उन्हें देश की विविध सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत से परिचित करवाया जाता है। ये समूह यात्रा के दौरान अन्तर-राज्य और अन्तः राज्य दोनों स्तर पर परस्पर बातचीत करते हैं और विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेते हैं। इस कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक 769 बच्चे भाग ले चुके हैं।**

-----